आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 12.11.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में देवभूमि परिवार योजना लागू करने सहित 12 प्रस्तावों को मंजूरी।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में हस्तशिल्प एवं शिल्पकला मेले का उद्घाटन किया।
- हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पौराणिक स्थल भीमगौड़ा कुण्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया। कुण्ड परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।
- ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में नव नियुक्त पैरा लीगल वालन्टीयर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू।

## राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों के 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सचिव, मुख्यमंत्री, शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियोजन विभाग के तहत हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश में देवभूमि परिवार योजना लागू की जाएगी। इसके तहत उत्तराखंड में निवासरत लोगों को पहचान पत्र जारी किए जाएंगे।

श्री बगोली ने बताया कि उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने और प्रदेश में अन्य प्राकृतिक आपदाओं में मृत व्यक्तियों को आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत एसडीआरएफ की ओर से मिलने वाली चार लाख रुपए की राशि को पांच लाख किया गया है। जबकि पक्के मकान के निर्माण के लिए पांच लाख और कच्चे मकान के निर्माण के लिए पूर्व में मिलने वाली राशि से एक लाख रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। बैठक में कार्मिक विभाग के अंतर्गत दैनिक वेतन कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति के लिए न्यायालय के आदेश के अनुरूप मंत्रिमंडल की समिति बनाए जाने का निर्णय लिया गया। समिति भविष्य में कट ऑफ डेट के लिए भी तय कार्यकाल मानक निर्धारित करेगी। बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य नीति के तहत पीएमयू का गठन करने और गृह विभाग के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विंग का गठन करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## रेखा आर्या

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय में हस्तशिल्प एवं शिल्पकला मेले का उद्घाटन किया। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय समुदायों के युवा, अपने हस्तशिल्प उत्पादों के साथ ही कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार, वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनजातियां स्वरचित हस्तशिल्प और कलात्मक उत्पादों की समृद्ध परंपरा का निरंतर विस्तार कर रही हैं। इस अनूठे मेले को उन्होंने प्रदेश के हस्तशिल्प विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया। श्रीमती आर्या ने युवाओं द्वारा लगाए सभी स्टॉलों पर जाकर उत्पादों की जानकारी ली और युवाओं को उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटन स्थल और मंदिरों में आने का निमंत्रण भी दिया।

## पुल निर्माण स्वीकृति

प्रदेश सरकार ने बागेश्वर जिले में सरयू नदी पर बने 113 वर्ष पुराने झूला पुल के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि शासन की स्वीकृति मिलने के बाद दिसंबर से पुल के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया झूला पुल आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा और इसे तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गणेश गोदियाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा प्रीतम सिंह को प्रचार समिति और डॉ. हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को पार्टी कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज पौराणिक स्थल भीमगौड़ा कुण्ड क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से स्थल के रख–रखाव, सफाई व्यवस्था के साथ ही विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को कुण्ड परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इस पौराणिक स्थल को धार्मिक पर्यटक की दृष्टि से भी आकर्षक रूप दिया जा सके। उन्होंने सौंदर्यीकरण कार्यों को इस धरोहर के महत्व के अनुरूप किए जाने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने पर बल दिया।

## पीएलवी प्रशिक्षण

ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में जिला न्यायालय परिसर में नव नियुक्त पैरा लीगल वालन्टीयर्स– पीएलवी का आज से चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें 32 नव नियुक्त पीएलवी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिला न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य गरीब वर्ग की जनता को कानूनी सहायता देकर न्याय सुलभ कराना है और योजनाओं का लाभ आखिरी पायदान तक पहुंचाना है। इसमें पीएलवी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी पीएलवी से कहा कि वे अच्छी तरह प्रशिक्षण लेकर अपना योगदान दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि सभी पीएलवी को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण– नालसा के दिशा–निर्देशों और योजनाओं की जानकारी लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## खेल प्रतियोगिता

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम में विद्यालयी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं की राज्य स्तरीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला खेल समन्वयक माध्यमिक नवीन लाल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के अल्मोड़ा, बागेश्वर और पौढ़ी गढ़वाल सहित प्रदेश के आठ जिलों की जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।